




नवभारत
भोपाल, सोमवार ,09 फरवरी, 2026


## एक नजर में




### वीआईटी के एनएसएस विशेष शिविर का समापन

**सीहोर.** वीआईटी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन प्रभात फेरी से हुई. प्रभात फेरी के दौरान देशभक्ति और प्रेरणादायक भजनों से वातावरण भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया. बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर एवं ईटीआई ट्रेनर राहुल सिंह परिहार ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया. उन्होंने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि अगर वे लगातार मेहनत करें, खुद को तैयार रखें और देशसेवा की भावना बनाए रखें. शिविर में डॉ. विनोद भट्ट, डॉ. देवव्रत गुप्ता, डॉ. गीतांजलि गिरी तथा दीप्ति भोजवानी का मार्गदर्शन रहा.




### आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

**सीहोर.** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने अपनी लंबित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर रविवार को टाउन हॉल के बाहर धरना दिया. शिक्षकों ने संघ जिला अध्यक्ष शिवनारायण गौर के नेतृत्व मेंरैली निकालकर सीएम डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन तहसीलदार अमित सिंह को दिया. आजाद अध्यापक संघ द्वारा विभिन्न मांगों और समस्याओं के निराकरण की मांग मुख्यमंत्री से की गई. आजाद अध्यापक संघ द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों की पेंशन, ग्रेच्युटी का मुद्दा उठाया गया. दिवंगत अध्याय संवर्ग के आश्रित परिवार के सदस्य को अनुक पा नियुक्ति का लाभ दिए जाने की बात भी कही गई. प्रदर्शन में राजेन्द्र सिंह ठाकुर, लाड़सिंह मालवीय, भगत सिंह, लखन सिंह मालवीय, योगिता लोधी सहित बड़ी संख्या में जिले के शिक्षक शामिल थे.



### सारंग ने कुबेरेश्वर धाम पर अस्पताल का किया लोकार्पण

**सीहोर.** सहकारिता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कुबेरेश्वर धाम पर विठ्लेश सेवा समिति द्वारा बनाए गए नवीन अस्पताल का लोकार्पण किया. इस अवसर पर उन्होंने रूद्राक्ष महोत्सव एवं शिवमहापुराण कथा के दृष्टिगत समीक्षा बैठक में सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आयोजन समिति को निर्देश दिए. उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया. उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां समयसीमा में पूर्ण की जाएं, समिति प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य सुनिश्चित करें. इस दौरान प्रशासन, कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा तथा समिति द्वारा मंत्री सारंग को की गई तैयारियों के बारे में से अवगत कराया गया. बैठक में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, सुदीप प्रजापति, एसडीएम तन्मय वर्मा, सीएसपी अभिनंदना शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.



### सीहोर क्लब ने एमजी क्लब को किया पराजित

**सीहोर.** चर्च मैदान पर आगामी 25 फरवरी से जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है. रविवार की शाम को इसके अंतर्गत दो मैच खेले गए थे. पहला मैच सीहोर क्लब ने एमजी क्लब को 2-0 से हराया. इसके अलावा एक अन्य मुकाबला सीहोर बाइज और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया. जिसमें सीहोर बाइज टीम 3-1 से विजय रही. प्रतियोगिता में 12 टीमों को शामिल किया जाएगा.



### विशाल भंडारे के साथ हुआ कथा का समापन

**सीहोर.** वृन्दावन कालोनी में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिन श्री सांवरिया सेठ एवं चौरासी महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत कथा के दौरान कथा वाचक पंडित रविन्द्राचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया. इसमें भगवान कृष्ण द्वारा अपने मित्र सुदामा का स्वागत करने और उनकी गरीबी दूर करने का वर्णन किया गया. यह प्रसंग सच्ची मित्रता और समर्पण को दर्शाता है. कथा के समापन प्रसंग में भगवान के परमधाम गमन, कलयुग का वर्णन और ग्यारहवें व बारहवें स्कंध का सार प्रस्तुत किया गया. इसके अलावा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत रविवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया. समिति अध्यक्ष उषा राज शर्मा, अंजू राकेश गुप्ता, आरके खैरा, निर्मला शर्मा, मंजू तिवारी, कल्पना दुबे, शारदा खैरा, सरोज रावत आदि उपस्थित थे.

# कमाई करने में अव्वल, सुविधाओं में फिसड्डी

## सीहोर रेलवे स्टेशन पर बिना रुके निकल जाती हैं अनेक रेलगाड़ियां, हजारों यात्री होते हैं परेशान




**सीहोर.** शहर के रेलवे स्टेशन पर अनेक अव्यवस्थाओं के अलावा आवारा मवेशियों का भी जमावड़ा बना रहता है.

- 14 फरवरी से शुरू हो रहा है रुद्राक्ष महोत्सव
- लाखों श्रद्धालु और यात्रियों को होना पड़ेगा परेशान

नवभारत न्यूज

**सीहोर 8 फरवरी. पश्चिम रेलवे को सर्वाधिक राजस्व देने वाले रेलवे स्टेशनों में शामिल सीहोर रेलवे स्टेशन आज यात्रियों की नजर में बदहाल व्यवस्था का प्रतीक बनता जा रहा है. भारी कमाई के बावजूद न तो पर्याप्त ट्रेनों का स्टॉपेज दिया जा रहा है और न ही कोरोना काल में बंद की गई ओवरनाइट व अन्य महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनों को अब तक बहाल किया गया है.**

गौरतलब है कि 14 फरवरी से कुबेरेश्वर धाम पर शुरू होने जा रहे रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, लेकिन रेलवे प्रशासन की तैयारी शून्य नजर आ रही है. यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो श्रद्धालुओं की फजीहत तय मानी जा रही है, क्योंकि कई ट्रेनों का स्टापेज छह साल बाद भी शुरू नहीं हो सका है. ओवरनाईट एक्सप्रेस सहित अनेक महत्वपूर्ण गाड़ियों के सीहोर रेलवे स्टेशन पर नहीं रुकने के कारण देश भर से आने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. या तो उन्हें भोपाल, बैरागढ़ के स्टेशन पर उतरना पड़ता है या फिर शुजालपुर जैसे छोटे स्टेशन से सीहोर आना पड़ता है. ऐसे में सर्वाधिक परेशानी बुजुर्ग व महिला यात्रियों को होती है. स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपए की आय देने वाला सीहोर स्टेशन यदि आज भी इस हाल में है तो इसके लिए रेलवे प्रशासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की उदासीनता भी जिम्मेदार है. ट्रैन स्टॉपेज के लिए अब तक न तो कोई ठोस पहल की गई और न ही यात्रियों की मांगों पर ध्यान दिया गया.

### पश्चिम रेलवे को होती है भारी भरकम आय

गौरतलब है कि सीहोर के समीपस्थ ग्राम चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वर धाम पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना बना रहता है. प्रमुख धार्मिक अवसरों पर यह संख्या लाखों में पहुंच जाती है. ऐसे में अनेक ट्रेनों का स्टापेज नहीं होने के कारण देश भर के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा. वह भी तब जबकि वह पश्चिम रेलवे को भारी- भरकम राजस्व अदा करते हैं. इसके बाद भी ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने के अलावा रेलवे स्टेशन पर अनेकानेक खामियों से यात्री दो चार होते हैं और काफी कड़वी यादें लेकर व रेलवे प्रशासन को कोसते हुए जाते हैं.

### कोरोनाकाल में बंद हुई थीं अनेक रेलगाड़ियां

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 में महामारी कोरोनाकाल के दौरान रेल प्रशासन द्वारा तमाम रेलगाड़ियों का परिचालन बंद कर दिया था. कोरोना के बाद रेलें चलना प्रारंभ हुईं, लेकिन ओवरनाईट एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का स्टॉपेज छह साल बाद भी शुरू नहीं हो सका है. जिससे रोजाना अपडाउन करने वाले यात्री परेशान हो रहे हैं तो अन्य शहरों से आने वाले यात्री भी स्टापेज नहीं होने की दशा में भोपाल व अन्य शहरों के स्टेशनों पर उतरने को मजबूर होते हैं. भोपाल से सीहोर आने वाले यात्री रमेश शर्मा ने कहा, कई ट्रेनों का स्टॉपेज बंद कर दिया गया है. रात में ट्रेन नहीं रुकती तो मजबूरी में इधर-उधर भटकना पड़ता है. कमाई सीहोर से और सुविधा कहीं और, यह कैसा न्याय है?इंदौर से कुबेरेश्वर धाम दर्शन को आने वाले श्रद्धालु संतोष पटेल ने नाराजगी जताते हुए कहा, रुद्राक्ष महोत्सव में हर साल भारी भीड़ आती है. पहले से ट्रेनों का ठहराव नहीं दिया गया तो श्रद्धालुओं को भारी परेशानी होगी. रेलवे प्रशासन आंख मूंदकर बैठा है. सीहोर निवासी गीता बाई का कहना है, कोरोना को खत्म हुए बरसों हो गए, लेकिन तब बंद की गई ट्रेनें आज तक शुरू नहीं की गईं. महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है. इसी तरह धार्मिक नगरी उज्जैन से आए श्रद्धालु पंकज त्रिवेदी ने कहा, जब कुबेरेश्वर धाम जैसे बड़े धार्मिक आयोजन हो रहे हों, तब रेलवे को अतिरिक्त ट्रेनें और स्टॉपेज देना चाहिए. लेकिन यहां उल्टा हो रहा है.

### इन गाड़ियों का स्टॉपेज होना आवश्यक

| ट्रेन का नाम एवं क्रमांक | यात्रा का स्थान |
|---|---|
| 22191-22192 ओवर नाईट एक्सप्रेस | इन्दौर से जबलपुर |
| 20813-20814 पुरी जोधपूर एक्सप्रेस | पुरी से जोधपूर |
| 19313-19314 पटना एक्सप्रेस | इन्दौर से पटना |
| 22911-22912 क्षिप्रा एक्सप्रेस | इन्दौर से हावड़ा |
| 19489-19490 गोरखपुर एक्सप्रेस | अहमदाबाद से गोरखपुर |
| 17019-17020 हैदराबाद एक्सप्रेस | जयपुर से हैदराबाद |
| 20413-20414 महाकाल एक्सप्रस | इन्दौर से वाराणसी |
| 14115-14116 प्रयागराज एक्सप्रेस | इन्दौर से प्रयागराज |

### दुष्कर्म का आरोपी निकला सगा मामा

**भैरुंदा.** क्षेत्र के नर्मदा तटीय गांव में 10 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस जांच के दौरान बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. शुरुआत में जिस मामले को दो अज्ञात बाइक सवार युवकों द्वारा अंजाम दिया जाना बताया जा रहा था, वहीं जांच आगे बढ़ने पर यह घर के ही एक सदस्य तक जा पहुंचा. पुलिस ने पीड़िता के 16 वर्षीय नाबालिग सगे मामा को आरोपी मानते हुए गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेज दिया है. यह घटना 4 फरवरी की सुबह लगभग 6 बजे की है. परिजनों को दिए गए शुरुआती बयान में बालिका ने बताया था कि दो बाइक सवार अज्ञात युवक उसे जबरन उठाकर खेत में ले गए थे और उसके साथ दुष्कर्म किया. घटना स्थल से पुलिस को एक काली जैकेट भी बरामद हुई थी, जिसे अहम सबूत मानते हुए जांच शुरू की गई. बालिका ने जो घटना स्थल बताया था वह रोड किनारे था जो पुलिस को सही नहीं लग रहा था. पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले. इसी दौरान बालिका की मेडिकल रिपोर्ट कराई गई. पीड़िता के बयान में भी विरोधाभास सामने आए, जिससे पुलिस को पूरे मामले पर संदेह हुआ. दूसरा कारण यह रहा कि जो घटना स्थल बताया गया था वह रोड के पास था. इन सभी कारणों के चलते पुलिस की जांच का एंगल बदला और फिर यह साफ हो गया कि इस मामले में कोई परिचित ही हो सकता है. सच्चाई सामने आते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नाबालिग मामा को हिरासत में लिया और किशोर न्यायालय में पेश किया गया.

## ताजिए, अखाड़े वाले उर्स कमेटी में शामिल

नवभारत न्यूज

**सीहोर 8 फरवरी.** ताजिए अखाड़ा और सवारी निकालने वालों को पहली बार दूल्हा बादशाह दरगाह उर्स कमेटी में शामिल किया गया. कोतवाली चौराहा से मेन रोड़ होते हुए उर्स कमेटी द्वारा चादर चढ़ाई जुलूस निकाला जाएगा.

सर्वधर्म हिंदू मुस्लिम हजरत दुल्हाबाद बाबा दरगाह कमेटी उर्स को लेकर सक्रिय बनी हुई है. तीन दिवसीय उर्स कव्वाली प्रोग्राम के मु य अतिथि समाजसेवी अखिलेश राय विशेष अतिथि ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के शमशुल हसन बल्ली और समाजसेवी नफीस बाबा रहेंगे. दरगाह कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान की अध्यक्षता में उर्स कमेटी के अध्यक्ष नौशाद खान के मुख्य आतिथ्य में बैठक का आयोजन



किया गया. उर्स मुबारक के लिए रखी गई बैठक में साउंड लाइट डेकोरेशन पेयजल व्यवस्था नागरिकों की बैठक व्यवस्था सूफियों का स्टेज, पुलिस व्यवस्था, महिलाओं के बैठने की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में रफीक शाह, सेवा यादव, महमूद अली, अनवर बाबा, हाजी मुख्तार पठान,मुन्ना मियां,पप्पू अग्रवाल, रईस, चुम्मू बाबा, अन्नू, मुन्ना, अन्नू चौधरी, अमान खान, शेखू बाबा सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे.

## अधजली अवस्था में मिला सीहोर के युवक का शव

- शनिवार की दोपहर लापता हुआ था 27 वर्षीय युवक
- आरोपियों ने गला रेतकर लाश को जलाने का किया था प्रयास

नवभारत न्यूज

**सीहोर 8 फरवरी.** शनिवार को अपने घर से लापता थाना कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मपुरी कालोनी निवासी युवक का शव शाजापुर जिले के शुजालपुर मंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पत्थर अमलाय के पास अधजली अवस्था में पुलिस ने बरामद किया है. शव को कुत्ते नोच रहे थे तब ग्रामीणों ने देखा और पुलिस को सूचित किया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवक की गला रेतकर हत्या करने के बाद शव को जलाने की कोशिश की गई है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के थाना कोतवाली अंतर्गत आने वाले ब्रह्मपुरी कालोनी में रहने वाले प्रेमनारायण शर्मा का 27 वर्षीय पुत्र गोलू शर्मा शनिवार दोपहर से अपने घर से लापता था. बताया जाता है कि वह कुबेरेश्वर धाम पर प्रसाद बेचने का काम करता था. शनिवार रात तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत देर रात थाना कोतवाली में दर्ज कराई. अगले ही दिन शाजापुर जिले के शुजालपुर मंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पत्थर अमलाय के पास निपानिया देव गांव के मार्ग पर रविवार की सुबह एक अधजले युवक का शव नजीरुद्दीन पिता कमरुद्दीन के खेत में सड़क किनारे मिला. शव को कुत्ते नोंच रहे थे जिन्हें ग्रामीणों ने देखा. इसके बाद



इसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा मंडी पुलिस थाने पर दी गई. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवक की गला रेतकर हत्या करने के बाद शव को जलाने की कोशिश की गई है. घटनास्थल के आसपास पत्थरों पर खून भी फैला मिला है, जिससे यह प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है. शुजालपुर पुलिस ने जब शव की शिनाख्त की तो वह ब्रह्मपुरी कालोनी निवासी युवक गोलू शर्मा का निकला. आरोपियों ने निर्दयता के साथ उसका गला रेता और फिर पहचान छुपाने के लिए उसे जलाने का प्रयास किया. मामले में थाना कोतवाली प्रभारी रविन्द्र यादव का कहना है कि मृतक के परिजनों से पूछताछ में कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं. पुलिस उनकी तलाश कर रही है. उसके बाद ही मामले में कुछ कहा जा सकेगा.

## बच्चों की मांग पर विधायक राय ने स्वीकृत की राशि

- खंडवा के कई स्कूली बच्चे राय से मिलने पहुंचे थे
- शिक्षा केन्द्र भवन निर्माण के लिए पांच लाख रुपए स्वीकृत

नवभारत न्यूज

**सीहोर 8 फरवरी.** रविवार को विधायक सुदेश राय के बंगले पर अलग ही नजारा दिखाई दिया. विधायक अंकल से मिलने आए बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई. बच्चों ने बंगले का भ्रमण किया और विधायक अंकल सुदेश राय



का आभार व्यक्त किया.

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों विधायक सुदेश राय ग्राम खंडवा पहुंचे थे. जहां उन्हें ग्रामीणों ने बताया था कि जनसहयोग से नि:शुल्क शिक्षा केंद्र कुछ युवाओं के द्वारा संचालित किया जा रहा है. इस पहल की विधायक श्री राय ने काफी प्रशंसा की और प्रस्तावित नि:शुल्क विद्यालय भवन निर्माण के लिए अपनी निधि से 5 लाख रुपए की घोषणा कर दी. रविवार को बच्चे अपने शिक्षकों के साथ विधायक अंकल को थैंक यू कहने के लिए विधायक के घर ही पहुंच गए थे. बच्चों के बीच विधायक श्री राय ने कहा यह सहयोग केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे के सपनों और बेहतर भविष्य की मजबूत नींव है.

## पहली बार निकलेंगी एआई मॉडल झांकियां

नवभारत न्यूज

**सीहोर 8 फरवरी.** शिवरात्रि उत्सव समिति के तत्वाधान में भव्य व दर्शनीय शिव बारात निकाली जाएगी. जिसकी तैयारियां अंतिम चरणों में है.

चल समारोह अध्यक्ष राजीव गुजराती एवं संस्थापक लोकेश सोनी ने बताया चल समारोह अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि नगर में शिवरात्रि पर्व पर भगवान भोले नाथ की बारात 15 फरवरी को शाम 5 बजे श्री बटेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री काशीपति विश्वनाथ मंदिर हनुमान फाटक कस्बे में पूजा-अर्चना के साथ संपन्न होगी. उन्होंने बताया कि चल समारोह में पहली बार एआई मॉडल आधारित झांकियां निकलेंगी और कई अनूठे और दर्शनीय आयोजन किए जाएंगे. वहीं बाबा महाकाल की अलौकिक लाइव झांकी भस्म आरती के साथ निकाली जाएगी. समिति के प्रमुख संरक्षक सन्नी महाजन, कमलेश अग्रवाल, पंकज गुप्ता, आयुष सोनी, ऋषि सोनी ने नागरिकों से आयोजन में आने का आग्रह किया है.

### वेतनमान की किश्त को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बुधनी.** विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक शिक्षकों को 7 वें वेतनमान के तहत देय अंतिम पांचवीं किस्त का भुगतान लंबे समय से लंबित होने को लेकर शिक्षक संघ ने बीईओ को ज्ञापन सौंपा. शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हरदयाल सिंह आजाद ने बताया कि राज्य शिक्षक सेवा अंतर्गत प्राथमिक शिक्षकों की 7 वें वेतनमान की अंतिम किस्त का भुगतान मार्च 25 में किया जाना था, लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने के बावजूद शिक्षकों को अब तक राशि का भुगतान नहीं हो पाया है. ज्ञापन में मांग की गई है कि 7 वें वेतनमान की लंबित अंतिम किस्त का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराया जाए. ताकि शिक्षकों को आर्थिक परेशानी से राहत मिल सके.

**पत्रकार वार्ता** प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने जिला मुख्यालय पर बजट की खूबियों से कराया अवगत

## बजट सभी वर्गों की आशा व आकांक्षाओं पर खरा उतरा : सारंग

नवभारत न्यूज

**सीहोर 8 फरवरी.** रविवार को जिला मुख्यालय पर भाजपा द्वारा केन्द्रीय बजट को लेकर प्रेसवार्ता आयोजित की गई. जिसमें युवा, खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला महामंत्री जितेन्द्र गौड़, मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर उपस्थित थे.

खेल मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदशन व नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है. यह अपने आप में एक गौरव पल के रूप में भारत के संसदीय इतिहास में दर्ज हुआ है. 2014 में कांग्रेस के शासन काल में भारत 11 वें नंबर की अर्थव्यवस्था था और अब मोदी के नेतृत्व में इन 12 वर्षों में देश लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है. भारत विश्व की चौथी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है और शीघ्र ही तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है. सारंग ने कहा यह बजट सतत् आर्थिक विकास के साथ जनअपेक्षाओं को पूरा करने वाला है यह बजट सभी वर्गों की आशा आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ उन्हें सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा. केंद्रीय बजट गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग और उद्यमियों के कल्याण व सशक्तिकरण के प्रावधान बजट में किए गए हैं. जो मप्र सहित देश को 2047 के विकसित भारत की ओर मजबूती से ले जाएगा.

केंद्रीय बजट को राजनीति के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नजर से देखना आवश्यक है. देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है. बजट में 7 हाई-स्पीड कॉरिडोर्स के निर्माण और 12.2 लाख करोड़ के कैपिटल एक्सपेंडिचर का प्रावधान किया गया है. सेमीकंडक्टर मिशन के




लिए निवेश राशि को 22 हजार 500 करोड़ से बढ़ाकर 40 हजार करोड़ करने का प्रस्ताव है.

मंत्री सारंग ने कहा कि बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसान समृद्धि को मजबूती देने के लिए पशुपालन क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई है. इस अवसर पर आशीष पचौरी, पवन जैन, राजेश परिहार सहित अन्य लोग उपस्थित थे.